दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक 26.01.2025

प्रकाशनार्थ

दिनांक 26.01.2025 गोरखपुर। महाविद्यालय में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर **प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह द्वारा झंडारोहण किया गया, तत्पश्चात प्रो. परीक्षित सिंह द्वारा उच्च शिक्षा निदेशक के पत्र का वाचन** करते हुए उच्च शिक्षा के उद्देश्य, शिक्षा में नवाचार तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की बात कही। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज नये भारत की नयी तस्वीर है। यह नया भारत स्वाभिमानी व सशक्त भारत है। यह सांस्कृतिक पुर्नजागरण का दूसरा दौर चल रहा है और पूरी दुनिया हमारे वसुधैव कुटुम्बकम के भाव से परिचित हो रही है। हमारा संविधान हम सभी देशवासियों को अपने अधिकारो के साथ–साथ एक नागरिक के रूप में दायित्वों को लेकर भी सजग–सचेत रहने की अपेक्षा करता है।

प्रो. सिंह ने आगे कहा कि संविधान सिर्फ नियमों का समुच्चय ही नही है। बल्कि जन आकांक्षाओं का भी समुच्चय है। 2047 के सशक्त भारत के निर्माण में हमारे युवाओं को विशेष भूमिका निभानी होगी। आज का दिन हमारें उन राष्ट्रवादी एवं स्वतंत्रता आन्दोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले सेनानियों को याद करने का भी दिन है। इन 75 वर्षो में हमने क्या खोया व क्या पाया, इस पर विचार करने की जरूरत है। हमारे लिए संविधान सर्वोत्कृष्ट है क्योकि देश के प्रतिनिधित्व को चुनने का सम्पूर्ण अधिकार संविधान ने भारतीय जनता को दिया है। आज हम उत्पादन के क्षेत्र के साथ ही ज्ञान–विज्ञान के क्षेत्र में ही काफी आगे बढ़े हैं।

इस अवसर पर डॉ. श्रीभगवान सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण की दिशा में स्वयं का आत्ममूल्यांकन कर अपनी भूमिका सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सागर चौधरी ने ऐसा देश है मेरा, सिमरन सिंह ने आओ पधारो, बबलू यादव ने ऐ वतन तेरे लिए गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया एवं गणेश व वैष्णवी ने अपना भाषण प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर **कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्रो. अर्चना सिंह ने एवं आभार ज्ञापन डॉ. निधि राय ने किया। उक्त अवसर पर प्रो. शशि प्रभा सिंह, आई.क्यू.ए.सी प्रभारी प्रो. परीक्षित सिंह, प्रो. अरूण तिवारी, मुख्य नियंता डॉ. आर. पी. यादव** सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें।

डॉ.(सुनील कुमार सिंह)
सह–प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क